दिनांक 14.08.2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चौक-चौराहे पर स्थापित महापुरुषों के प्रतिमाओं की हो रही है साफ-सफाई

भिलाईनगर / स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में नगर पालिक निगम , भिलाई क्षेत्रांतर्गत चौक चौराहे में स्थापित महापुरुषों के प्रतिमाओं की सफाई कराई जा रही है! नेहरू नगर चौक, वार्ड 27 हाउसिंग बोर्ड, वार्ड 19 जवाहर चौक, वार्ड 14, वार्ड 24 शारदापारा कॉलोनी, पावर हाउस चौक, वार्ड 22 जलेबी चौक, वार्ड 24 शारदा पारा मिलन चौक, अंडरब्रिज प्रियदर्शनी परिसर स्थित चौक सहित निगम क्षेत्र के अन्य स्थानों पर स्थापित महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ सफाई कराई गई। उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया कि निगम आयुक्त के निर्देशानुसार भिलाई निगम क्षेत्रांतर्गत स्थापित महापुरूषों की प्रतिमाओं की सफाई कराई जा रही है। निगम का अमला गुरुवार एवं आज सुबह से निगम परिसर की साफ-सफाई करने में जुटे रहे! कोरोना काल को मद्देनजर रखते हुए मास्क की अनिवार्यता का पालन करते हुए अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में मुख्य कार्यालय में प्रातः 7:30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। निगम मुख्यालय भवन को रंगीन झालरों से सजाया गया है। 15 अगस्त को सुबह 7:30 बजे ध्वजहारोहण किया जाएगा। इस दौरान कोरोना वायरस से बचाव हेतु शासन के निर्देशों के पालन करते हुए अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया जाएगा।